re>**Title:** Need to provide financial assistance out of P.M. Relief Fund to the kith and kins died in boat tragedy on 27.5.1998 at the village Kandhaipur in Allahabad, U.P. -Laid

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : मेरे निर्वाचन क्षेत्र ग्राम कंधईपुर इलाहाबाद उत्तर प्रदेश में कल दिनांक २७.५.९८ को सुबह ६ बजे गंगा नदी में नाव पलटने से ९ व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जिसमें ८ शव बरामद हुए हैं। एक लड़की जो १३ वर्ष की है उसका शव बरामद नहीं हुआ है। ऐसी आकस्मिक दुर्घटना पर मा. प्रधान मंत्री जी शोक संतृप्त परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद कराने की कृपा करें।